पेज थ्री
देहरादून
हमारा दून
देहरादून, शनिवार 24 अगस्त, 2019
पेज 8



श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालू।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक कपूर ने मुख्यमंत्री राहत के लिए 51 हजार रु को चेका सौंपा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु विधायक हरबंस कपूर ने मुख्यमंत्री को 51 हजार रूपए का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को मुख्यमंत्री आवास में विधायक हरबंस कपूर ने यह चेका सौंपा।

### बनबसा में 21, 22 व 23 सितंबर को सेना भर्ती रैली

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय सेना में पहली बार सैनिक जनरल ड्यूटी के रूप में महिला सैन्य पुलिस के लिए खुली भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती रैली 12 सितंबर से लखनऊ में होगी। इसमें यूपी और उत्तराखंड की 4458 से अधिक युवतियों के शामिल होने का अनुमान है। रैली के आवेदन का नोटिफिकेशन 25 अप्रैल को जारी हुआ था। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड क्षेत्र के सभी जिलों के भारतीय सेना में महिला सैन्य पुलिस (सैनिक जनरल ड्यूटी) के नामांकन के लिए एक खुली भर्ती रैली 12 सितंबर 2019 से 20 सितंबर 2019 तक एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ में भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) लखनऊ द्वारा आयोजित की जाएगी। महिलाओं को अन्य रैंकों में शामिल करने के लिए भारतीय सेना के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

### समाज सेविका रमनप्रीत कौर का किया जाएगा सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड देहरादून की समाज सेविका रमनप्रीत कौर को 31 अगस्त को इंदौर में सम्मानित किया जाएगा। यहां जारी एक बयान में बताया गया है कि देहरादून की रमनप्रीत कौर वुमन पावर सोसाइटी द्वारा आयोजित इको क्रिएटिव इंडियन अवार्ड के लिए चयनित किया गया इस अवार्ड के लिए पूरे भारत में उत्कृष्ट कार्य वह सामाजिक कार्य करने वाले गौरव मानिक करने वालों को चयनित में यह अवार्ड दिया जाएगा और रमनप्रीत कौर को प्रथम नारी सम्मान 2018 में मिल चुका है। बताया गया है कि देहरादून में होने वाले घुघुती महोत्सव में भी उनको सम्मान मिल चुका है।

### मोटोरोला की उपलब्धता की घोषणा की

देहरादून। किफायती कीमतों में प्रीमियम क्वालिटी स्मार्टफोन्स की पेशकश करने की विरासत को आगे बढ़ाते हुये मोटोरोला ने आज भारत में एक बार फिर से मोटोरोला की उपलब्धता की घोषणा की है। मोटारोला वन फैमिली का यह नया स्माआर्टफोन आपको चलते–फिरते अपनी दुनिया की तस्वीरें लेने और बड़ी स्क्रीन पर उसे देखने में सक्षम बनाता है। मोटोरोला वन ऐक्शन द्वारा यूजर्स को एक स्माोर्ट एवं सेक्योअर्ड एंड्रॉयड वन सॉफ्टवेयर एक्सरपीरिएंस की पेशकश की जाती है।

# उज्जवला योजना महिलाओं के लिए मील का पत्थर

**योजना**

■ 20 से अधिक लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किये

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून के पथरिया पीर में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 20 से अधिक लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किये गये। मसूरी विधायक गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत अब तक जहां देश में आठ करोड़ से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हुऐ हैं वहीं उत्तराखण्ड में 4 लाख परिवारों को निःशुल्क गैस वितरित की जा चुकी है। उन्होनें कहा कि यह योजना महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित हुई। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को धुंए से निजात मिली और सामाजिक स्तर पर महिलाओं को सम्मान मिला। विधायक जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निचले तपके के लोगों को जोड़कर देश को एक करने का काम किया है।

विधायक जोशी ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा शिकायत की जा रही है कि गैस एजेन्सियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना बंद होने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना वर्तमान में जारी है। विधायक जोशी ने कहा कि जो एजेन्सी इस योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन दिये जाने से इंकार करेगी, उनके ऊपर कार्यवाही की जाऐगी। उन्होनें कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करें, ताकि लोगों को अधिकाधिक लाभ मिल सके। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, महामंत्री सुरेन्द्र राणा, निरंजन डोभाल आदि उपस्थित रहे।



उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन वितरित करते मसूरी विधायक।

### झील के सौंदर्यीकरण के लिए व्यापक स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए

**संवाददाता** ऋषिकेश। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने हरिद्वार रोड स्थित झील का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वन विभाग, जल संस्थान एवं नमामि गंगे के अधिकारी भी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि संजय झील प्राकृतिक रूप से अत्यंत सुंदर है और इसके सौंदर्यीकरण से स्थानीय लोगों को रोजगार, बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए एक सुंदर रमणीक स्थान देखने को मिलेगा। उन्होंने झील के सौंदर्यीकरण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग, वन विभाग, नमामि गंगे एवं कुंभ योजना के तहत इस कार्य को संयुक्त रूप से धरातल पर उतारा जाएगा।

# डेंगू के बढ़ते कहर को देखते हुए डीएम ने बुलाई आपात बैठक

**निर्देश**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के दिये निर्देश

अब तक किये गये इंतजामात को नाकाफी बताया

**संवाददाता**

देहरादून में दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे डेंगू के कहर को कम करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में आपात बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने देहरादून में डेंगू मरीजों की संख्या में लगातार हो रहे इजाफे के देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने डेंगू के मच्छर की सक्रियता को कम करने के लिए अब तक किये गये इंतजामात को नाकाफी बताया तथा डेंगू विरोधी अभियान को युद्धस्तर पर चलाने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने चिकित्सा विभाग को डेंगू मरीजों की पड़ताल किये जाने वाले उपकरणों की आवश्यक खरीद–फरोख्त करने के लिए ६ ानराशि उपलब्ध कराई। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एलाईजा की पहचान के लिए किये जाने वाले परीक्षणों के लिए अतिरिक्त मशीनें लगाएं तथा प्लेलेट्स के लिए भरपाई हेतु स्वस्थ नागरिकों से अधिक से अधिक रक्तदान करने को जागरूक प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि रक्तदाताओं का अब ऑनलाईन पंजीकरण भी कराया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग कर सकें। जिलाधिकारी ने डेंगू की रोकथाम करने के लिए लोगों को छोटे–छोटे संदेशों के माध्यम से भी जागरूक किये जाने पर बल दिया। सोशल मीडिया के साथ ही प्रचार के अन्य साधनों सिनेमाघरों एवं मल्टीसिटी काम्पलेक्सों पर भी कार्य करते हुए लोगों को डेंगू से बचाव के बारें में भी अधिक से अधिक प्रचार कर जागरूक करने को कहा। उन्होंने समस्त वार्डों में एक–एक साइन बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिये, जिनके माध्यम से लोगों को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने डेंगू से बचाने के लिए शिक्षा विभाग के माध्यम से तत्काल निर्देश जारी करने की बात कहते हुए कहा कि बच्चों को फुल बाजू की ड्रेस यथा कमीज एवं पैन्ट, सूट, सलवार पहनाकर ही स्कूल में भेजें।

बैठक में डीएम ने डेंगू के बचाव के लिए एनएसएस, सिविल, डिफेंस, एनसीसी कैडेट एवं रेडक्रास के वॉलिन्टयरों की सहायता लेते हुए लोगों को डेंगू के कारण एवं उससे बचाव हेतु जागरूक करने का कार्य करें। डीएम ने दून अस्पताल, गांधी शताब्दी नेत्र चिकित्सालय तथा प.दीन दयाल उपाध्या चिकित्सालय जाकर वहां पर भर्ती डेंगू के मरीजों से जानकारी प्राप्त की तथा चिकित्सकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।



डेंगू के बढ़ते कहर को देखते हुए डीएम बैठक लेते हुए।

### 27 अगस्त से महाविद्यालायों में कॉलेज बंदी की जायेगी

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सौरभ ममगाई ने कहा की एनएसयूआई पदाधिकारियों द्वारा पूर्व में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये उच्च शिक्षा राज्य मंत्री धन सिंह रावत को ज्ञापन प्रेषित किया गया था जिसके बाद उनके द्वारा आश्वासन दिया गया था, कि महाविद्यालयों में शिक्षकों व संसाधनों की कमी को दूर किया जायेगा लेकिन नूतन सत्र 2019 शुरू होने के बाद भी उनके द्वारा दिये गये आश्वासनों को पूरा नहीं किया गया। शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों का भविष्य अधर में है, इससे साफ पता चलता है कि राज्य की भाजपा सरकार छात्र विरोधी है तथा छात्रों के भविष्य को लेकर चिंतित नहीं है।

### आश्रमों और मठों पर टैक्स लगाने का संत समिति ने विरोध किया

ऋषिकेश। नगर निगम क्षेत्र के आश्रमों और मठों पर टैक्स लगाने का संत समिति ने विरोध जताया है। निगम की इस वसूली को समिति के अध्यक्ष विनय सारस्वत ने अनुचित ठहराया है।

विनय सारस्वत ने कहा कि इससे पूर्व कभी भी आश्रमों और मठों पर किसी प्रकार का टैक्स नहीं लगाया गया। पूर्व में भी नगरपालिका यहां रही है, लेकिन आश्रमों में किसी प्रकार का टैक्स नहीं लगाया गया। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश एक धार्मिक नगरी है। यहां लोग योग, अध्यात्म व गरीब विद्यार्थी संस्कृत की शिक्षा के लिए आते हैं।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।